उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
Uttarakhand Subordinate Services Selection Commission

पत्रांक /Ref. No.: 1214 दिनांक /Date.: 19.10.2022

संवाद–254

विषयः– आयोग द्वारा पूर्व में आयोजित लंबित परीक्षाओं के संबंध में।

प्रिय अभ्यर्थियों,

अवगत कराना है कि आयोग द्वारा पूर्व में आयोजित की गयी कतिपय परीक्षायें पुलिस जांच के अधीन होने तथा 08 परीक्षायें जिनके या तो परिणाम घोषित किये जा चुके हैं या घोषित किये जाने शेष है, के संबंध में दिनांक 18 अक्टूबर, 2022 को आयोजित आयोग की पूर्ण बैठक में विस्तृत विचार–विमर्श के उपरांत विधिवत व सुचारू समाधान के क्रम में यह निर्णय लिया गया कि उपरोक्त परीक्षाओं के परिणाम/चयन एवं ऐसे अवशेष प्रकरण जिनमें कतिपय नियोक्ता विभागों को चयन संस्तुति प्रेषित की जानी है, के संबंध में अग्रेत्तर कार्यवाही किये जाने में संभावित विधिक एवं प्रशासनिक कठिनाईयों के समाधान की दृष्टि से एक उच्च स्तरीय विशेषज्ञ समिति का गठन किया जाय।

उक्त गठित समिति द्वारा उक्त परीक्षाओं से संबंधित महत्वपूर्ण पहलुओं का विस्तृत परीक्षण कर आख्या आयोग को उपलब्ध कराये जाने के उपरांत आयोग द्वारा उक्त परीक्षाओं के संबंध में अभ्यर्थियों के हित को ध्यान में रखते हुये यथाशीघ्र अंतिम निर्णय लिया जायेगा। अतः अभ्यर्थियों से अपेक्षा की जाती है कि वे कृपया धैर्य बनाये रखेगें एवं आयोग को अपना महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान करेंगे।

साथ ही अवगत कराना है कि आयोग कार्यालय के पत्रांक संख्या–985/2022 दिनांक 07 सितम्बर, 2022 द्वारा "संवाद–253" जारी किया गया है जिसमें अभ्यर्थियों की परीक्षा संबंधी पृच्छाओं के समाधान हेतु प्रत्येक माह के प्रथम एवं अंतिम शुक्रवार को सांय 04:00 बजे से 05:00 बजे का समय नियत किया गया था। उल्लेखनीय है कि अभ्यर्थियों की अधिकांश पृच्छायें उक्त परीक्षाओं व विषयों से संबंधित होने के दृष्टिगत उक्त व्यवस्था की उपयोगिता न रह जाने के कारण उक्त व्यवस्था को फिलहाल अग्रिम आदेशों तक स्थगित किया जाता है।

अभ्यर्थियों को यह भी अवगत कराना है कि उक्त से पृथक प्रकरणों पर अभ्यर्थी अपना लिखित प्रत्यावेदन आयोग को उपलब्ध करा सकते हैं जिस पर आयोग द्वारा यथोचित निर्णय लिया जायेगा।

आयोग की ओर से,

-Sd-
(सुरेन्द्र सिंह रावत)
सचिव।

उत्कृष्टता पारदर्शिता वस्तुनिष्ठता

राज्य निर्वाचन आयोग कार्यालय परिसर, रिंग रोड, लाडपुर, देहरादून उत्तराखण्ड Office Campus of State Election Commission, Ring Road, Ladpur, Dehradun, Uttarakhand

दूरभाष (कार्या0): 0135-2669658, फैक्स: 0135-2672902, वेबसाईट : www.sssc.uk.gov.in, ईमेल: chayanayog@gmail.com